# झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बोकारो

कैम्पस, मध्य विद्यालय एस.बी.एस., चास, (वैभव होटल के पीछे), बोकारो – 827013

Ph. & Fax No. 06542-235604, Email ID- jepbokaro@gmail.com jepcbokaro@yahoo.co.in


पत्रांक MGT/03/2021/5'C'/1327

प्रेषक,

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
बोकारो ।

सेवा में,

जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी,
बोकारो ।

बोकारो, दिनांक 06.12.2023

**विषय :–** **<u>जिले के आधिकारिक वेबसाईट पर विज्ञापन अपलोड कर प्रकाशित करने के संबंध में।</u>**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक कहना है कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बोकारो के द्वारा जिले के 02 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा के आधार पर चयन करने हेतु विज्ञापन (MGT/03/2021/5'C'/1327), दिनांक– 06.12.2023) निदेशानुसार एन.आई.सी. बोकारो के वेबसाईट पर अपलोड किया जाना है ।

अनुरोध है कि पत्र के साथ संलग्न सूची को दिनांक– 07.12.2023 से एन.आई.सी. बोकारो के वेबसाईट पर अपलोड कर प्रकाशित करने की कृपा जाए।

***अनुलग्नक – यथोक्त ।***

विश्वासभाजन

06/12/23

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
बोकारो ।

6/12/23

# झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बोकारो

कैम्पस, मध्य विद्यालय एस.बी.एस., चास, (वैभव होटल के पीछे), बोकारो – 827013

Ph. & Fax No. 06542-235604, Email ID- jepbokaro@gmail.com jepcbokaro@yahoo.co.in


**विज्ञापन संख्याः–** MGT/03/2021/5'C'/1327 **दिनांक–** 06.12.2023

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना

1. विभागीय आदेश संख्या RS/15/01/2022-23/3863 दिनांक 10.10.2023 के आलोक में जिले में संचालित 02 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला / पुरुष अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान (SSA) झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बोकारो में आमंत्रित किये जाते है :–

| Sl. No. | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | EBC | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका हिन्दी (भाषा) | 2 | 1 | 1 | - | - | - | - | 2 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका अंग्रेजी (भाषा) | 2 | 1 | 1 | - | - | - | - | 2 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, (गणित) | 1 | - | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, विज्ञान (विषय समूह– जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान) | 2 | 1 | 1 | - | - | - | - | 2 |
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, विज्ञान (विषय समूह– भौतिकी विज्ञान एवं गणित) | 1 | - | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान) | 1 | - | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (शारीरिक शिक्षा) | 2 | 1 | 1 | - | - | - | - | 2 |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (कम्प्यूटर) | 2 | 1 | 1 | - | - | - | - | 2 |
| 9 | पूर्णकालिक लेखापाल | 1 | - | 1 | - | - | - | - | 1 |
| 10 | सपोर्ट स्टाफ (रात्रि प्रहरी) | 2 | 1 | 1 | - | - | - | - | 2 |
| 11 | मुख्य रसोईया | 2 | 1 | 1 | - | - | - | - | 2 |
| 12 | सहायक रसोईया | 6 | 3 | 1 | 1 | 1 | | | 6 |

2. उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में **जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कैम्पस मध्य विद्यालय एस.बी.एस, चास (वैभव होटल के पीछे), बोकारो 827013** के पते पर **निबंधित डाक द्वारा** अनिवार्य रूप से **दिनांक 01.01.2024** तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साधारण डाक से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

3. **चयन हेतु अहर्ता एवं निर्धारित परिलब्धि –**

| क्र.सं. | पदनाम | वांछित अहर्ता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका हिन्दी (भाषा) | 1. **शैक्षणिक अहर्ता :–** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक शिक्षक / शिक्षिका यथा क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5 एवं 6 पर अंकित पदों हेतु आवेदन किया जा रहा हो) में संबंधित विषय में न्यूनत्तम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक की अहर्ता अनिवार्य है। क्र. सं. 7 से 8 में अंकित पदों हेतु किसी भी विषय में न्यूनत्तम 50 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक हो सकते हैं। अनुसूचित जाति/जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यर्थियों को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 05 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जाएगी। | 1. शिक्षक/ शिक्षिका का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 15,840/– प्रतिमाह देय होगी। 2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका अंग्रेजी (भाषा) | | |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, (गणित) | | |
| 4 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान) | | |

| क्र.सं. | पदनाम | वांछित अहर्ता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 5 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, विज्ञान (विषय समूह– जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान) | **कम्प्यूटर शिक्षक/शिक्षिका के लिए न्यूनतम अहर्त्ता BCA/BSc. in Computer Science/Any Graduate with 2 years diploma in computer science from recognized institute of AICTE** होगी।<br>2. **प्रशैक्षणिक अहर्ता :–** क्र.सं. 01 से 04 के लिए मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी.एड. अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में उत्तीर्णता एवं क्र.सं. 5 एवं 6 के लिए मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी.एड. उर्तीणता। शारीरिक शिक्षक / शिक्षिका के लिये Bachelor in Physical Education/ Degree in physical education अनिवार्य होगा।<br>3. **शिक्षक पात्रता परीक्षा :–**<br>i. राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद (NCTE) के द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अधीन पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका हिन्दी भाषा, गणित, अंग्रेजी एवं सामाजिक शिक्षा के पदों को कक्षा 1 से 8 हेतु वर्गीकृत किया गया है। अतः इन पदों के लिए अभ्यर्थियों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (JTET) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा।<br>ii. कक्षा 9 से 10 हेतु वर्गीकृत किए गए पद यथा– पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका विज्ञान विषय समूह (जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान तथा भौतिकी एवं गणित) हेतु शिक्षक पात्रता परीक्षा (JTET) उत्तीर्णता की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी।<br>iii. पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका कम्प्यूटर तथा शारीरिक शिक्षक/ शिक्षिका के पद हेतु JTET की उत्तीर्णता अनिवार्य नहीं होगी।<br>4. **शिक्षक/ शिक्षिकाओं की नियुक्ति एवं परिलब्धि–** शिक्षक/ शिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर किया जाएगा तथा उन्हें निर्धारित परिलब्धि प्रदान की जाएगी। | |
| 6 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका, विज्ञान (विषय समूह– भौतिकी विज्ञान एवं रसायन विज्ञान) | | |
| 7 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (शारीरिक शिक्षा) | | |
| 8 | पूर्णकालिक शिक्षक/ शिक्षिका (कम्प्यूटर) | | |
| 9 | पूर्णकालिक लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 1. किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान/विश्वविद्यालय से बी.कॉम प्रतिष्ठा में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्णता।<br>2. तकनीकि अहर्ता:– किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स में पी.जी.डी.सी.ए./डी.सी.ए./समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्णता।<br>3. हिन्दी एवं अंग्रेजी में कम्प्यूटर टाईपिंग के साथ टैली साफ्टवेयर (Tally Software) की जानकारी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 11880/– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 10 | सपोर्ट स्टाफ | शैक्षणिक अहर्ता – मैट्रिक | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 6000/– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 11 | मुख्य रसोईया | शैक्षणिक अहर्ता – 8वीं पास | 1. संविदा के आधार पर |

| क्र.सं. | पदनाम | वांछित अहर्ता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| | | | नियत परिलब्धि रू. 7200/– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 12 | सहायक रसोईया | शैक्षणिक अहर्ता – 8वीं पास | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 5400/– प्रतिमाह देय होगी।<br>2. संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |

4. **चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्तें निम्नवत हैं :–**
   i. **अनुभव :–** राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक 3190 दिनांक 14.08.2023 के आलोक में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों/ के.जी.बी.भी./ जे.बी.ए.भी./ राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान/ साक्षर भारत/महिला समाख्या में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर लाभ देय होगा।
   ii. चयनित होने वाले शिक्षिका एवं शिक्षकेत्तर कर्मी की सेवा अनुबंध के आधार पर प्रथमतया एक वर्ष के लिए ली जाएगी तथा कार्य संतोषप्रद होने की स्थिति में एक–एक वर्ष के लिए अवधि विस्तारित किया जा सकेगा। शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं अन्य गैर शैक्षणिक कर्मियों के कार्य संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर संविदा की समाप्ति का निर्णय लेने हेतु भी जिला स्तरीय चयन समिति सक्षम प्रधिकार होगी।
   iii. सभी पदों के चयन में जिला स्तरीय आरक्षण नियमों का पालन किया जाएगा। चयन में कार्मिक, प्रशासनिक तथा राजभाषा विभाग द्वारा निर्गत नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय आरक्षण के नियम का पालन किया जाएगा।
   iv. सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं एवं लेखापाल को आवासीय परिसर में रहना अनिवार्य होगा।

5. **आयु सीमा :–**
   i. चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होगी।
   ii. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या 29 दिनांक 04.01.2021 झारखण्ड सरकार के आलोक में कोटिवार अधिकत्तम उम्र सीमा निम्नवत् होगी :–

| Sl.No. | Category | Maximum age limit |
|---|---|---|
| 1 | Unreserved Category | 35 |
| 2 | Female (All category -UR/EWS/BC-I/BC-II) | 38 |
| 3 | Extremely Backward classes (Annexure I)/ Backward Classes (Annexure II) | 37 |
| 4 | SC/ ST (Male and Female) | 40 |
| 5 | Person with bench mark disability (PwBD) | A relaxation of 10 years in their respective category. |

   iii. अनुभवी महिला Ex-Servicemen को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकत्तम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।
   iv. उपरोक्त कंडिका–4 (i एवं ii) के अधीन नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में पूर्व से दैनिक मानदेय पर अंशकालीन/ पूर्णकालीन रूप से कार्यरत अभ्यर्थी को भी उनके प्रत्येक कार्य वर्ष हेतु एक वर्ष की उम्र सीमा में छूट देय होगी।
   v. उम्र की गणना आवेदन करने के वर्ष 01.07.2023 के आधार पर की जायेगी।

6. **आवेदन :–** सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 01.01.2024 के संध्या 05:00 बजे तक जिले के **जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कैम्पस मध्य विद्यालय एस. बी.एस, चास (वैभव होटल के पीछे), बोकारो 827013** के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान सब पढ़ें सब बढ़ें

से स्वीकार किए जायेंगे। अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा ।

7. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्तें, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निर्देश जिला के अधिकारिक वेबसाईट **"bokaro.nic.in"** पर उपलब्ध है। चयन से संबंधित सभी दिशा–निदेश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे। अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकारी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।
8. अभ्यर्थियों का चयन संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय इस हेतु अंतिम निर्णय माना जाएगा।
9. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रक्रिया किसी भी समय स्थगित/रद्द करने का अधिकार राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची अथवा उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बोकारो के पास सुरक्षित रहेगा।
10. **आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से आवेदन के लिफाफा के ऊपर लाल रंग से मोटे अक्षरो में आवेदित पद का नाम एवं कोटि अंकित करना होगा।** अन्यथा आवेदन अस्वीकार करने की स्थिति में वे स्वयं जवाबदेह होंगे।
11. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
12. **आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अनुलग्नक :–**
    i. 23 x 10 से.मी. का स्वपता लिखा हुआ दो लिफाफा ।
    ii. सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वअभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छाया प्रति संलग्न की जाए ।
    iii. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (झारखण्ड राज्य के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।
    iv. झारखण्ड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत नियोजन हेतु आवासीय प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति।

Sd/ 06/12/23

(जगरनाथ लोहरा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, बोकारो।

6/12/23

शिक्षा का अधिकार

# Jharkhand Education Project, Bokaro
## APPLICATION FORM
(For Selection in Residential NSCBAV Schools under Samagra Shiksha)

Recent Passport Size Photo

1. **Post Applied for:**..................................
(Fulltime Language/Math/Science(Bio+Chem)/Science(Phy+Math)/
Social Science/Computer/Physical teacher,
Fulltime Accountant-cum-Computer Operator,
Fulltime Night Guard/Fulltime Head Cook/Fulltime Assistant Cook,

2. **Name of Applicant :**

**a.** (देवनागरी लिपि में) :...................................................................................................

**b.** (In English, Block letters) :...................................................................................................

3. **Name of Father/Husband:**...................................................................................................

4. **Date of Birth** :

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| D | D | M | M | Y | Y | Y | Y |

5. **PermanentAddress** :...................................................................................................

...................................................................................................

...................................................................................................

...................................................**Pin Code:**.......................................**State:**...................................................

6. **Address of Correspondence :**...................................................................................................

...................................................................................................

...................................................................................................

...................................................................................................

7. **Sex** (Male/Female ) : ...................................................

8. **Reservation Category** (ST/SC/BC-I/BC-II/UR/EWS) :...................................................

9. **If belong to disabled category of disability and pereentage** (Disability Cerificate should be attached) :...........................................

10. **Contact No :**...........................................

**11. Educational Qualification/Teacher's Training And Other Qualification (as per post applied)**

| SL. No. | Level of Examination | Name of Institution/College | Name of Board/University | Full Marks | Marks obtained | Percentage |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

*(Please attach the self attested copies of the educational/training and other qualification)*

**12. Teacher's Training**

| SL. No | Level of Examination | Name of Institution/College | Name of Board/University | Full Marks | Marks obtained | Percentage |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

*(Please attach the elf attested copies of the educational/training and other qualification)*

**13. Teacher Eligibility Test**

| SL. No | Jharkhand State TET | Name of Board/University | Full Marks | Marks obtained | Percentage |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

*(Please attach the elf attested copies of the educational/training and other qualification)*

**14. For the post of Accountant-cum-Computer Operator :-**

a. Computer typing speed in Hindi........................ word/minute and English..............Word/minute.

b. Name of the institute from where Tally Course has been done

.................................................................................................................

c. Name of the institute from where Computer Training has been done.................................................................................................

**DECLARATION**

I affirm that the information given in the application are true, complete and correct the best of my knowledge and belief, in the event of any information being found false or incorrect at any point of time, my candidature/selection may be cancelled/terminated without any notice.

Date:

Place:

**(Signature of Applicant)**